# आई०एम०एस० नीति

(गुणवत्ता, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा)

## हमारा लक्ष्य

- राष्ट्र के लिए स्वच्छ, पर्यावरण के अनुकूल, सस्ती, विश्वसनीय और गुणवत्तायुक्त बिजली का उत्पादन एवं निर्माण करने में निरन्तर वृद्धि करना।

## हमारी प्रतिबद्धतायें

- ऊर्जा उत्पादन से सम्बंधित उपयुक्त, वैधानिक, विनियामक एवं अन्य आवश्यकताओं का पालन करना।
- पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं कर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का संतुलन बनाते हुए विकास करना।
- उत्पादकता, लागत में कमी एवं पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधित परिस्थितियों में सुधार करने से संबंधित गुणवत्ता, पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा उद्देश्यों की स्थापना और समीक्षा द्वारा एकीकृत प्रबंधन प्रणालियों की प्रभावशीलता में लगातार सुधार करना।
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण मामलों पर परामर्श एवं भागीदारी के लिए सभी श्रमिकों को शामिल करना।

## हमारे प्रयास

- विद्युत परियोजनाओं के अन्वेषण, नियोजन, परिकल्पन एवं क्रियान्वयन के लिये पर्याप्त विशेषज्ञता एवं अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी हासिल करना।
- परिचालन प्रक्रियाओं एवं सर्वोत्तम अनुरक्षण प्रथाओं का मानकीकरण करके उत्पादन को अधिकतम करना।
- चालू परियोजनाओं के जीर्णोद्धार, नवीनीकरण एवं उच्चीकरण द्वारा उत्पादन को बढ़ाना।
- परियोजना के विकास के कार्य पूर्ण करने की अनुकूलतम अवधि सुनिश्चित करना।
- प्रभावी मानव संसाधन विकास द्वारा संगठनात्मक उत्कृष्टता प्राप्त करना।
- सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाते हुये यूजेवीएन लिमिटेड के संदर्भ में बेहतर परिस्थितियाँ सुनिश्चित करना।
- प्राकृतिक पर्यावरण को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, खतरों को खत्म करना, प्रदूषण को रोकना एवं कार्य संबन्धी दुर्घटनाओं और अस्वस्थता की रोकथाम हेतु सुरक्षित कार्यकारी स्थिति प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिमों को कम करना।
- गुणवत्ता, पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए कर्मचारी, ठेकेदार, हितधारकों और मेजबान समुदायों के बीच गुणवत्ता, पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना।

दिनांक : 01 जुलाई, 2021

प्रबन्ध निदेशक
यूजेवीएन लिमिटेड